PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/
बुधवार 06 मई 2026





# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## अलीगढ़| जेएन मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर से मारपीट के बाद इमरजेंसी सेवा ठप

अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में मंगलवार देर रात इलाज में देरी को लेकर तीमारदारों और डॉक्टरों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि गुस्साए एक तीमारदार ने महिला डॉक्टर अनन्या को घूंसा मार दिया, जिससे उनके होंठ पर चोट आई। घटना के बाद डॉक्टरों ने विरोध जताते हुए इमरजेंसी का गेट बंद कर दिया और सेवाएं ठप कर दीं। अचानक सेवा बंद होने से कई गंभीर मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ा और अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बुलंदशहर से आए एक मरीज को सांस लेने में दिक्कत के बावजूद भर्ती नहीं किया गया, वहीं अतरौली से पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे मरीज को भी लौटना पड़ा।





तीमारदारों का आरोप है कि विवाद के दौरान डॉक्टरों ने भी मारपीट की, जिसमें एक व्यक्ति का सिर फट गया। सूचना पर पुलिस और प्रॉक्टोरियल टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल को सिविल लाइंस थाने ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया गया। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं और हड़तालों से मेडिकल कॉलेज की आपातकालीन व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं मरीजों और उनके परिजनों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

## अलीगढ़ न्यूज | हाईटेक नर्सरी में दें बीज, मात्र एक रुपये में लें तैयार पौध



अलीगढ़ के जवाहर पार्क में उद्यान विभाग द्वारा संचालित हाईटेक नर्सरी किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। यहां आधुनिक तकनीक से फल और सब्जियों की उच्च गुणवत्ता वाली पौध तैयार की जा रही है। खास बात यह है कि यदि किसान स्वयं बीज उपलब्ध कराते हैं तो उन्हें मात्र एक रुपये प्रति पौध की दर से तैयार पौध दी जाती है, जबकि पूरी तरह से तैयार पौध लेने पर 2.50 रुपये प्रति पौध खर्च करना पड़ता है। यह योजना छोटे और मध्यम किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी मानी जा रही है। नर्सरी में खीरा, मिर्च, लौकी, तोरई, टमाटर, बैंगन, बंदगोभी, फूलगोभी, शिमला मिर्च, तरबूज और खरबूज जैसी फसलों की पौध तैयार की जा रही है, साथ ही आड़ू, गुलाब और अन्य मौसमी पौधों का भी उत्पादन किया जा रहा है। तापमान नियंत्रित तकनीक की मदद से यहां बेमौसमी पौध भी तैयार की जा सकती है, जिससे किसानों को समय से पहले रोपाई कर बेहतर उत्पादन और अधिक आय का अवसर मिलता है। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य किसानों को उन्नत तकनीक से जोड़ते हुए कम लागत में गुणवत्तापूर्ण पौध उपलब्ध कराना और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना है।

## अलीगढ़| प्रसव के बाद धेवती की मौत, सदमे से नानी ने भी तोड़ा दम



अलीगढ़ जनपद के चंडौस कस्बे की रामलीला स्टेज वाली गली में मंगलवार को उस समय मातम छा गया, जब एक ही परिवार में आधे घंटे के भीतर दो महिलाओं की मौत हो गई। 28 वर्षीय गजाला, जो तीसरी बार मां बनने वाली थीं, प्रसव के बाद बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में जिंदगी की जंग हार गईं। गजाला की शादी आठ वर्ष पहले जलेसर निवासी युवक से हुई थी और उनके दो छोटे बच्चे—एक छह वर्षीय बेटा और चार वर्षीय बेटी—पहले से हैं। तीसरे प्रसव के लिए उनके पिता कुछ दिन पहले उन्हें जलेसर से चंडौस ले आए थे, ताकि देखभाल बेहतर तरीके से हो सके। रविवार रात अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने पर परिजन उन्हें आनन-फानन में बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल ले गए। सोमवार को उन्होंने एक मृत बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद से ही उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। परिवार के लोगों के मुताबिक, डॉक्टरों ने उपचार जारी रखा, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार सुबह करीब सात बजे इलाज के दौरान गजाला ने दम तोड़ दिया।

गजाला की मौत की खबर जैसे ही चंडौस स्थित घर पहुंची, उनकी नानी जैबुन (70) पत्नी अलीमुद्दीन को गहरा सदमा लगा। बताया जाता है कि धेवती की मौत की सूचना सुनते ही वह बेसुध हो गईं और महज आधे घंटे के भीतर उन्होंने भी दम तोड़ दिया। एक साथ दो मौतों की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घर में चीख-पुकार मच गई और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवार पहले से ही मृत नवजात के दुख से उबर नहीं पाया था, तभी यह दोहरी त्रासदी सामने आ गई। गजाला के छोटे-छोटे बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया, वहीं नानी के निधन से परिवार पूरी तरह टूट गया है। कस्बे में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है और हर कोई इस दर्दनाक हादसे पर शोक व्यक्त कर रहा है।

## धर्मांतरण केस में नया अपडेट

### दिल्ली के डॉक्टर के यहां है फंडिंग रिकॉर्ड, शाहीन बाग में छिपे हैं अन्य दस्तावेज



आगरा के चर्चित धर्मांतरण केस में पूछताछ के दौरान फंडिंग नेटवर्क को लेकर नया खुलासा हुआ है। आरोपी परवेज अख्तर ने बताया कि लेन-देन से जुड़े रजिस्टर दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में छिपाकर रखे गए हैं, जबकि कुछ आर्थिक रिकॉर्ड बाटला हाउस क्षेत्र में एक परिचित के यहां सुरक्षित हैं। आरोपी जतिन कपूर ने डिजिटल माध्यम से एक्सेल फाइल में पैसों का हिसाब रखने की बात कबूली है। पुलिस पाकिस्तान कनेक्शन की भी जांच कर रही है। डीसीपी क्राइम आदित्य सिंह के अनुसार आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और आगे की पूछताछ के लिए रिमांड मांगी जाएगी। अब तक 5-6 अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। पुलिस फंडिंग के स्रोत, नेटवर्क के विस्तार और छिपाए गए दस्तावेजों की बरामदगी के लिए कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# Aaj Ka Rashifal 06 May:

## इन पांच राशि वालों के हिस्से में आएंगी बेशुमार खुशियां और आय में होगी बढ़ोतरी



6 May Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 6 मई 2026 का राशिफल बुधवार, 6 मई को चंद्रमा का गोचर वृश्चिक राशि और ज्येष्ठा नक्षत्र के संयोग में होगा जिसके कारण कई राशि वालों को अचानक धन प्राप्ति के योग बनेंगे। नौकरीपेशा जातकों को नई नौकरी के लिए बेहतर संभावना है। आय में अच्छा खासा इजाफा देखने को मिल सकता है।

### मेष

आज आपको रिश्तों की डोर को संभालकर चलना होगा। प्यार और समझदारी ही आपकी ताकत बनेगी। जीवनसाथी आपकी किसी बात से आहत हो सकते हैं, इसलिए उन्हें मनाना ही आज आपकी जीत होगी। उधार लेने का विचार मन में आए तो फिलहाल रोक लें, वरना आगे चलकर परेशानी बढ़ सकती है। बिजनेस में भी आज बड़े फैसले लेने से बचें, क्योंकि जल्दबाजी का फैसला बाद में पछतावा दे सकता है।

### वृषभ

आज का दिन खुशियों की सौगात लेकर आया है, खासकर छात्रों के लिए। नया कोर्स या नई शुरुआत सफलता की राह खोल सकती है। आमदनी के नए रास्ते बनेंगे, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। घर में किसी नए मेहमान के आने से रौनक बढ़ेगी और माहौल खुशियों से भर जाएगा। नौकरी से जुड़ी परेशानी भी किसी करीबी की मदद से दूर होती नजर आ रही है।

### मिथुन

आज आपका हुनर ही आपकी पहचान बनेगा। कला और कौशल में निखार आपको अलग मुकाम देगा। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। काम के सिलसिले में यात्रा भी संभव है। राजनीति या लोगों के बीच रहते हुए सतर्क रहें, क्योंकि हर कोई आपका हितैषी नहीं होता। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात दिल को खुश कर देगी और कोई उपलब्धि आपको सम्मान दिला सकती है।

### कर्क

आज धन के मामले में राहत मिलेगी और आप खुद को हल्का महसूस करेंगे। बच्चों के साथ बिताया गया समय आपको सच्ची खुशी देगा। कुछ खास लोगों से मुलाकात आपके लिए नए रास्ते खोल सकती है। पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला आपसी बातचीत से सुलझ सकता है। स्वादिष्ट भोजन और प्रमोशन जैसी खुशखबरी दिन को और खास बना सकती है।

### सिंह

आज का दिन संतुलन का है। आमदनी बढ़ेगी और इससे खुशी भी मिलेगी। नए लोगों से जुड़ने का मौका मिलेगा, जो आगे चलकर फायदेमंद साबित होगा। व्यापार में सुधार दिखेगा और आपके फैसले लोगों को प्रभावित करेंगे। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा और साथ मिलकर आप आगे बढ़ेंगे। कोई रुका हुआ सरकारी काम भी पूरा हो सकता है और नई नौकरी का ऑफर भी चौंका सकता है।

### कन्या

आज दोस्ती और जिम्मेदारी। दोनों साथ-साथ चलेंगी। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे, लेकिन काम को भी नजरअंदाज नहीं करेंगे। अगर कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो उसे टालना ठीक नहीं। सही सलाह लें। वाहन चलाते समय सतर्क रहें। संतान की चिंता आपको थोड़ा परेशान कर सकती है, लेकिन सबसे जरूरी बात। अपने काम खुद करें, दूसरों पर निर्भरता आज नुकसान दे सकती है।

### तुला

आज का दिन थोड़ा मिला-जुला रहेगा। आप खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन ऑफिस में किसी बात को लेकर तनाव हो सकता है। मेहनत का फल जरूर मिलेगा, बस धैर्य बनाए रखें। संतान की सेहत पर ध्यान देना जरूरी है। किसी अनजान व्यक्ति से लेनदेन करने से बचें, वरना आर्थिक नुकसान हो सकता है। घर में किसी मेहमान के आने से खर्च बढ़ सकते हैं और मन थोड़ा विचलित रह सकता है।

### वृश्चिक

आज चुनौतियां आएंगी, लेकिन आपको पीछे नहीं हटना। हिम्मत ही आपकी असली ताकत है। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी मुद्दे पर चर्चा हो सकती है, जो समाधान की ओर ले जाएगी। एक साथ कई काम मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी, लेकिन यही आपको आगे भी ले जाएगी। यात्रा के दौरान कोई खास जानकारी मिल सकती है और जीवनसाथी के साथ बातचीत से कोई बड़ा पारिवारिक मसला सुलझ सकता है।

### धनु

आज खर्च बढ़ सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही आप अपने भविष्य को लेकर गंभीर सोच में डूबे रहेंगे। मां की ओर से कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। भाई-बहनों की जरूरतों को नजरअंदाज करना रिश्तों में दूरी ला सकता है, इसलिए समय पर साथ दें। छात्रों के लिए मानसिक बोझ कम होगा। पिता की किसी बात से मन आहत हो सकता है। लेकिन धैर्य ही समाधान है।

### मकर

आज आपके दिमाग में नए-नए आइडिया चमकेंगे, जो बिजनेस को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। पार्टनरशिप के योग बन रहे हैं। सरकारी योजना में निवेश फायदेमंद साबित हो सकता है, लेकिन सतर्क रहें। कुछ लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। अपनी कीमती चीजों का खास ध्यान रखें, क्योंकि खोने का डर है। कोई पुराना दोस्त अचानक मिलकर पुराने दिनों की यादें ताजा कर सकता है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए बेहतर साबित होगा। छात्रों को पढ़ाई से जुड़ी कोई खास चीज मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में राजनीति से दूर रहना ही समझदारी है, वरना प्रमोशन पर असर पड़ सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। लेनदेन के मामलों में सावधानी जरूरी है। कुछ नया करने की आपकी कोशिश आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ाएगी

### मीन

आज आपके चारों ओर खुशियों का माहौल रहेगा और मुनाफा भी अच्छा मिलेगा। ऑफिस में आपको कोई सरप्राइज या उपहार मिल सकता है। काम के सिलसिले में यात्रा लाभदायक रहेगी। प्रॉपर्टी से जुड़ा लोन पास होने के संकेत हैं। धन-धान्य में वृद्धि होगी और आमदनी भी मजबूत रहेगी। आप अपने दोस्तों के लिए आगे बढ़कर मदद करेंगे।और यही आपकी असली पहचान बनेगी।

# 'खूनी'थकान:"साहब,गाड़ी बदलकर चलाना

## ड्राइवर की चेतावनी हुई सच, दबिश से पहले बिछीं लाशें, ऐसा था नूंह हादसा



उरई के मंडी चौकी प्रभारी मोहित यादव की हरियाणा में दबिश के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गई, जिससे पूरे पुलिस महकमे में मातम है। एक भाई की अपने अपहृत भाई को बचाने की पुकार पर निकले मोहित यादव खुद हादसे का शिकार हो गए। चालक की थकान को हादसे की बड़ी वजह माना जा रहा है।उरई की मंडी चौकी में तैनात उपनिरीक्षक मोहित यादव की सड़क हादसे में हुई मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर है। उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि हादसे वाली रात करीब 3 बजे तक मोहित यादव ने उनके साथ क्षेत्र में गश्त की थी। इसके बाद वह एक मामले में दबिश देने के लिए हरियाणा रवाना हो गए थे। गश्त के दौरान वह पूरी तरह सामान्य थे। साथियों के साथ बातचीत कर रहे थे और ड्यूटी को लेकर पूरी तरह सतर्क थे। साथी बताते हैं कि मोहित यादव ड्यूटी के दौरान अनावश्यक तनाव नहीं लेते थे।हमेशा अपने स्टाफ का ख्याल रखते थे। यही वजह है कि उनकी मौत की खबर ने पूरे चौकी स्टाफ को भीतर तक झकझोर दिया। करीब तीन माह पहले ही उनकी यहां तैनाती हुई थी, लेकिन कम समय में ही उन्होंने अपने व्यवहार और कार्यशैली से साथियों के बीच खास पहचान बना ली थी। इसके अलावा मौजूदा समय में चौकी पर दरोगा अनिल कुमार, सिपाही ललित, अनुज कुमार, गौतम बाबू और कोमल सोलंकी भी तैनात हैं। सभी साथी उनकी असमय मौत से गहरे सदमे में हैं। साहब जल्दी चलो, कहीं वह हमारे भाई के साथ अनहोनी न कर दें। सोमवार की सुबह कार सवार लोग बिजेंदर को खेत से उठा ले गए। इस पर अमरीक ने कोतवाली पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई। जब अधिक समय बीतने के बाद भी उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो अमरीक ने फोन किया और कहा कि साहब जल्दी चलो कहीं वह (आरोपी) उसके भाई के साथ अनहोनी न कर दें। पुलिस की मानें, तो बिजेंदर का हरियाणा में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था और वही लोग उन्हें यहां से उठाकर ले गए थे। इस पर इसकी कमान मोहित यादव को सौंपी गई, क्योंकि वह एसओजी में भी रहे हैं, वह टीम के साथ तीन बजे निकल गए और वह आरोपियों के पास पहुंच भी नहीं पाए थे कि हादसा हो गया।

# पंजाब में फिर धमाका:

## जालंधर के बाद अमृतसर में आर्मी कैंप के बाहर ब्लास्ट, टीन की चादर को नुकसान



पंजाब में मंगलवार शाम को जालंधर में बीएसएफ के हेडक्वार्टर के सामने धमाका हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं देर रात करीब 11 बजे अमृतसर में भी खासा में आर्मी कैंप के सामने ब्लास्ट हुआ है।जालंधर के बाद अब अमृतसर में खासा कैंप के पास स्थित आर्मी कैंप के बाहर मंगलवार देर रात जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकल आए।जानकारी के अनुसार, धमाका रात करीब 11 बजे के बाद हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आर्मी की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और पूरे इलाके को घेरकर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। साथ ही फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉयड को भी जांच के लिए बुलाया गया है।प्राथमिक जांच में सामने आया है कि धमाके से आर्मी कैंप की बाहरी दीवार पर लगी टीन की चादरों को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल किसी के घायल होने या जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है।वहीं मामले की जांच के लिए एनआईए की टीम अमृतसर पहुंच रही है। अधिकारियों के अनुसार पूरे क्षेत्र में पुलिस और सेना की भारी तैनाती कर दी गई है।

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त



# शाहरुख की वजह से मैं यहां हूं

## करण जौहर ने अभिनेता को दिया मेट गाला में डेब्यू का श्रेय






78वें मेट गाला में निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपना डेब्यू किया। इसके साथ ही करण इस इवेंट में शामिल होने वाले पहले भारतीय फिल्ममेकर भी बन गए। मनीष मल्होत्रा के डिजाइन किए हुए आउटफिट में करण ने राजा रवि वर्मा की विरासत को दर्शाया। करण के लुक की काफी चर्चा भी रही। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय करण ने अपने दोस्त और सुपरस्टार शाहरुख खान को दिया। शाहरुख ने पिछले साल ही मेट गाला में अपना डेब्यू किया था। साथ ही करण ने शाहरुख के साथ अपनी पक्की दोस्ती पर भी बात की।इवेंट के दौरान बीबीसी से बातचीत में करण जौहर से शाहरुख खान के साथ उनके करीबी संबंध और दोस्ती के बारे में पूछा गया।उनसे पूछा गया कि शाहरुख के बाद अब उनके नक्शेकदम पर चलते हुए मेट गाला में डेब्यू करके कैसा लग रहा है?उन्होंने कहा, 'मेरे लिए तो ये बहुत भावुक पल है। शाहरुख खान मेरे करियर का एक अहम हिस्सा हैं। मैंने अपनी शुरुआती पांच फिल्में उनके साथ की हैं और उन्हीं की वजह से मैं आज यहां खड़ा हूं। पिछले साल उनका आना और इस साल मेरा आना, ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का ये फुल ऑफ सर्कल है, जो पूरा हो गया।'

# अपनी मां नीतू कपूर की फिल्म '

## दादी की शादी' की स्क्रीनिंग में पहुंचे रणबीर कपूर





रणबीर कपूर अपनी मां नीतू कपूर की आगामी फिल्म 'दादी की शादी' का समर्थन करने के लिए स्क्रीनिंग इवेंट में पहुंचे। फिल्म की स्क्रीनिंग कई और सेलेब्स ने भी हिस्सा लिया। यह शाम कपूर परिवार के लिए बेहद खास रही, जहां सबने मिलकर इसका जश्न मनाया।रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया भट्ट के साथ फिल्म 'दादी की शादी' की स्क्रीनिंग पर पहुंचे। दोनों को साथ देखकर फैंस और मीडिया काफी उत्साहित नजर आए। इस दौरान पूरा परिवार एक साथ दिखा। इस दौरान नीतू कपूर का हौसला बढ़ाने के लिए उनकी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी और रणबीर की बुआ रीमा जैन भी वहां मौजूद थीं। हालांकि, 'दादी की शादी' में रिद्धिमा भी खास भूमिका में हैं।आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और रिद्धिमा कपूर साहनी के अलावा सदाबहार अभिनेत्री रेखा ने भी 'दादी की शादी' की स्क्रीनिंग में शिरकत की। उनकी खूबसूरती और शालीनता ने सबका दिल जीत लिया।'दादी की शादी' में नीतू कपूर और कपिल शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ सादिया खतीब और रि द्धिमा कपूर साहनी भी हैं।

# 45 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू करने पर क्या बोलीं रिद्धिमा कपूर

45 साल की रिद्धिमा कपूर साहनी, जो ऋषि कपूर और नीतू कपूर की बेटी हैं, अब अपनी पहली फिल्म 'दादी की शादी' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। खास बात यह है कि कपूर फैमिली में इतनी उम्र में डेब्यू करने वाली वह सबसे बड़ी सदस्य बन गई हैं। यह डेब्यू उनके लिए काफी इमोशनल है, क्योंकि इस फिल्म में वह पहली बार अपनी बेटी समारा के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं।स्क्रीन को दिए एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने बताया कि 45 साल की उम्र में पहली बार फिल्म के सेट पर कैमरे के सामने आना उनके लिए नया अनुभव था। अपनी बेटी समारा के छोटे से रोल के बारे में भी बात की। रिद्धिमा की शादी बिजनेसमैन भरत साहनी से हुई है और उनकी एक बेटी है।रिद्धिमा ने कहा, 'यह एहसास बहुत अलग और इमोशनल है। ऐसा लगता है जैसे जिंदगी का एक चक्र पूरा हो गया हो। मुझे पता है कि मेरे पापा हमेशा मेरे साथ हैं और हर फैसले में मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। सोच मुझे बहुत हिम्मत और सुकून देती है। सच कहूं तो इस उम्र में कुछ नया शुरू करना सबसे बड़ा चैलेंज था। एक नई शुरुआत में थोड़ा डर भी होता है, लेकिन उतनी ही एक्साइटमेंट भी होती है।'



# अनुपम खेर के सिर पर बाल आ सकते हैं

## लेकिन TMC सत्ता में नहीं BJP नेता केबयान पर एक्टर का मजेदार रिएक्शन



बीते दिन 04 मई को बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम आए और इसमें भाजपा ने बहुमत हासिल किया। तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। परिणामों पर एक भाजपा नेता ने TMC की हार पर चुटकी ली थी। उन्होंने कहा था कि अनुपम खेर के सिर पर फिर से बाल आ सकते हैं, मगर टीएमसी फिर से सत्ता में नहीं आएगी। इस पर अब अनुपम खेर ने मजेदार रिएक्शन दिया है।पश्चिम बंगाल में भाजपा के जीतने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता समिक भट्टाचार्य का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने तंज कसते हुए मजाकिया अंदाज में कहा था, 'अनुपम खेर के सिर पर बाल वापस आ सकते हैं, लेकिन टीएमसी की सत्ता में वापस नहीं होगी'। अनुपम खेर तक जब यह बात पहुंची तो वे भी इस पर रिएक्शन देने से खुद को नहीं रोक पाए।

# आलिया, एश्वर्या से लेकर तारा सुतारिया तक







इस साल पेरिस में होने वाले कान फिल्म समारोह में भारत से बड़ी संख्या में सेलेब्स के शामिल होने की उम्मीद है। अभिनेत्री आलिया भट्ट और एश्वर्या राय इस फेस्टिवल में लंबे समय से भाग लेती आ रही हैं। फैंस को हर बार की तरह इस बार भी उनकी उपस्थिति की उम्मीदें हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक एश्वर्या राय बच्चन इस बार भी एक ब्रांड के लिए कान फिल्म समारोह के रेड कार्पेट पर कदम रख सकती हैं। इसके साथ ही एक्ट्रेस तारा सुतारिया के भी कान में डेब्यू करने की खबरें सामने आ रही हैं। पंजाबी एक्टर एमी विर्क भी इस साल समारोह का हिस्सा बन सक ते हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार सिर्फ बॉलीवुड सेलेब्स ही कान फिल्म समारोह में शामिल नहीं होंगे बल्कि पंजाबी, मराठी, गुजराती और मलयालम सिनेमा के नामी सितारे भी इसमें हिस्सा ले सकते हैं।

# शेयर बाजार में घरेलू निवेशकों का दबदबा

## निफ्टी 500 में DII की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 20.9% पर, FII का घटा निवेश




### बाजार को मिला घरेलू फंड्स का सहारा

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता रही। इस दौरान विदेशी निवेशकों का रुझान नकारात्मक रहा, लेकिन घरेलू निवेशकों ने बाजार को स्थिर रखने में अहम भूमिका निभाई। जनवरी-मार्च 2026 की अवधि के दौरान व्यवस्थित निवेश योजना (SIP) के जरिए लगातार आ रहे फंड के समर्थन से DII ने बाजार में 27.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया। इसके विपरीत, इसी अवधि में FII प्रवाह अस्थिर रहा और उन्होंने 15.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की शुद्ध बिकवाली की। केवल मार्च महीने में ही भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण विदेशी निवेशकोंसंस्थागत स्वामित्व में इस बड़े बदलाव के कारण मार्च 2026 में निफ्टी 500 में FII-DII स्वामित्व अनुपात सिकुड़कर 0.8 गुना रह गया है। ने 14.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की भारी निकासी की।

वैश्विक अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय शेयर बाजारों में एक बड़ा ढांचागत बदलाव देखने को मिल रहा है। विदेशी संस्थागत निवेशक (FII) जहां लगातार बाजार से पैसा निकाल रहे हैं, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (DII) बाजार के लिए सबसे बड़ा सहारा बनकर उभरे हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च तिमाही में निफ्टी 500 कंपनियों में DII की हिस्सेदारी बढ़कर 20.9 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जबकि विदेशी निवेशकों का स्वामित्व गिरकर 17.1 प्रतिशत रह गया है। विदेशी निवेशकों ने बीएफएसआई (BFSI) क्षेत्र में अपना निवेश घटाकर 32.1 प्रतिशत कर दिया है और टेक्नोलॉजी सेक्टर में उनका निवेश 7.3 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। इसके उलट, FII ने मेटल, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज और ऑयल एंड गैस सेक्टर में अपना निवेश बढ़ाया है। अगर पूर्ण रूप से सकारात्मक निवेश वापस आता हैं।

# The Bonus Market Update

## ईरान-अमेरिका तनाव घटने की उम्मीद से शेयर बाजार में तेजी; जानिए सेंसेक्स-निफ्टी का हाल




बुधवार को घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों के लिए शानदार शुरुआत हुई। वैश्विक मोर्चे पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और भू-राजनीतिक तनाव के जल्द सुलझने की उम्मीदों ने बाजार की धारणा को काफी मजबूत किया है। इसके चलते शुरुआती कारोबार में ही प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आधे-आधे प्रतिशत की जोरदार बढ़त दर्ज की गई और बाजार में हरियाली छा गई। व्यापक बाजार की इस तेजी के बीच, कॉर्पोरेट जगत से एक बड़ी खबर सामने आई है। दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के शेयरों में बुधवार को बीएसई पर 3.2 प्रतिशत तक की उछाल दर्ज की गई और शेयर 11.15 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस तेजी का मुख्य कारण कंपनी के शीर्ष नेतृत्व में हुआ बड़ा बदलाव है। अरबपति उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला को दूरसंचार फर्म में फिर से गैर-कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि लगभग पांच साल पहले, जब कंपनी भारी वित्तीय संकट से घिरी थी, तब बिड़ला ने इस पद से इस्तीफा दे दिया था।

### सेंसेक्स और निफ्टी में भारी उछाल

बाजार खुलते ही निवेशकों की भारी खरीदारी देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 657.22 अंक उछलकर 77,675.01 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 218 अंकों की मजबूत रैली के साथ 24,250.85 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। शुरुआती रुझानों के अनुसार, सेंसेक्स 600 अंकों से अधिक चढ़ा, जबकि निफ्टी ने 24,150 का अहम स्तर पार कर लिया। रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे बढ़कर 94.99 पर पहुंच गया। शेयर बाजार में इस सकारात्मक रुख के पीछे मुख्य रूप से कुछ बड़े वैश्विक और आर्थिक कारण रहे हैं, जिन्होंने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है:ईरान-अमेरिका युद्ध के जल्द समाधान की बढ़ती उम्मीदों ने बाजार के जोखिम को कम किया है।वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आ रही नरमी ने निवेशकों को बड़ी राहत दी है,

# Gold-Silver Price

## पश्चिम एशिया के तनाव से चांदी 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार; सोने पर दबाव जारी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# Biocon Succession Plan

## किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी क्लेयर मजूमदार को चुना अपना उत्तराधिकारी, जानें उनके बारे में



भारत की प्रमुख बायोफार्मास्युटिकल कंपनी बायोकॉन में नेतृत्व के एक बड़े बदलाव की नींव रख दी गई है। कंपनी की संस्थापक और चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपने उत्तराधिकार योजना की घोषणा करते हुए अपनी 37 वर्षीय भतीजी क्लेयर मजूमदार को अपना उत्तराधिकारी चुना है। लगभग चार दशकों में बायोकॉन को वैश्विक स्तर पर एक बड़ा ब्रांड बनाने वाली 73 वर्षीय मजूमदार-शॉ का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कंपनी का भविष्य सक्षम और सुरक्षित हाथों में रहे। किरण मजूमदार-शॉ बायोकॉन की एकमात्र मालिक हैं और उनकी अपनी कोई संतान नहीं है। 'फॉर्च्यून इंडिया' के साथ बातचीत में उन्होंने कहा, "मैं बायोकॉन की एकमात्र मालिक हूं, और मुझे यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि मैं इसे अच्छे हाथों में सौंपूं... मैंने अपनी भतीजी क्लेयर को अपने उत्तराधिकारी के रूप में देखा है, क्योंकि मुझे लगता है कि उसने साबित कर दिया है कि वह एक कंपनी चला सकती है"हालांकि, यह बदलाव रातोरात नहीं होगा। मजूमदार-शॉ ने सोशल मीडिया पर साफ किया है कि वह फिलहाल रिटायर नहीं हो रही हैं। यह एक क्रमिक प्रक्रिया होगी, जिसमें किरण अपनी भूमिका में बनी रहेंगी

## किस स्टार पर फूटा दिल्ली की हार का ठीकरा?: कोच बदानी और कप्तान अक्षर ने साधा निशाना कहा- उनसे बेहतर की चाह थी



चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के ड्रेसिंग रूम का दर्द खुलकर सामने आ गया। टीम के मुख्य कोच हेमंग बदानी और कप्तान अक्षर पटेल ने कुलदीप यादव के खराब फॉर्म पर चिंता जताई। दोनों ने साफ कहा कि टीम को कुलदीप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है, क्योंकि प्लेऑफ की दौड़ में अब गलती की गुंजाइश नहीं बची है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आठ विकेट की हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स में बेचैनी साफ दिखाई दी। टीम के कोच हेमंग बदानी और कप्तान अक्षर पटेल ने मैच के बाद ऐसे बयान दिए, जिससे यह साफ हो गया कि स्टार स्पिनर कुलदीप यादव का मौजूदा फॉर्म टीम के लिए बड़ी चिंता बन चुका है। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में कुलदीप यादव तीन ओवर में 34 रन देकर कोई विकेट नहीं ले सके। जिस पिच पर स्पिनरों को मदद मिल रही थी, वहां कुलदीप का असरहीन रहना दिल्ली के लिए भारी पड़ा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब कुलदीप की फॉर्म पर सवाल पूछा गया तो कोच हेमंग बदानी ने साफ कहा कि टीम उनसे ज्यादा उम्मीद करती है। उन्होंने कहा, 'हम निश्चित तौर पर चाहते हैं कि कुलदीप इससे बेहतर प्रदर्शन करें, लेकिन हम उनके साथ खड़े रहेंगे क्योंकि वह कई वर्षों से इस टीम का हिस्सा रहे हैं। मुझे लगता है कि बात सिर्फ फॉर्म में लौटने की है। वह अभी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं पहुंचे हैं और सामान्य गति से भी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। यह समय की बात है और हमें उन पर भरोसा है।' बदानी के बयान से साफ था कि टीम मैनेजमेंट कुलदीप के प्रदर्शन से खुश नहीं है, लेकिन अभी भी उन पर विश्वास बनाए हुए है। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने भी मैच के बाद कुलदीप की कमी महसूस होने की बात कही। हालांकि उन्होंने सीधे आलोचना नहीं की, लेकिन उनके शब्दों से निराशा झलक रही

## PSL 2026: पाकिस्तान सुपर लीग की टीम ऑफ द टूर्नामेंट पर भड़के डेविड वॉर्नर पूछ डाला ये सवाल जानें पूरा मामला

पाकिस्तान सुपर लीग 2026 खत्म होते ही नया विवाद खड़ा हो गया। कराची किंग्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने पीएसएल की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि कराची किंग्स के किसी खिलाड़ी को जगह क्यों नहीं मिली। वहीं दूसरी ओर बाबर आजम ने पेशावर जाल्मी की खिताबी जीत का श्रेय पूरी टीम और मैनेजमेंट को दिया। पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) 2026 का खिताब पेशावर जाल्मी ने जीत लिया, लेकिन टूर्नामेंट खत्म होते ही सोशल मीडिया पर नई बहस शुरू हो गई। कराची किंग्स के कप्तान डेविड वॉर्नर ने पीएसएल की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' चयन पर सवाल उठाकर हलचल मचा दी। पेशावर जाल्मी ने फाइनल में डेब्यू करने वाली हैदराबाद किंग्समेन को पांच विकेट से हराकर अपना दूसरा पीएसएल खिताब जीता। बाबर आजम की कप्तानी वाली टीम पूरे सीजन शानदार लय में दिखी और लीग चरण में सिर्फ एक मैच हारी। खिताब जीत के बाद पीएसएल ने अपनी 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' घोषित की लेकिन



इसमें कराची किंग्स का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं था। इसी बात पर डेविड वॉर्नर ने नाराजगी जताई। उन्होंने सोशल मीडिया पर सवाल उठाते हुए कहा, 'कराची के खिलाड़ी कहां हैं?' वॉर्नर का यह छोटा सा बयान तेजी से वायरल हो गया। फैंस भी दो हिस्सों में बंट गए। कुछ लोगों ने वॉर्नर का समर्थन किया, तो कुछ ने कहा कि कराची किंग्स छठे स्थान पर रही थी, इसलिए खिलाड़ियों का चयन नहीं होना स्वाभाविक है। कराची किंग्स इस सीजन उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर रही और प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। ऐसे में टीम के किसी खिलाड़ी को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ एकादश में जगह नहीं मिली। यही वजह है कि उन्होंने खुलकर सवाल उठाया। कुछ खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता

## DC Vs CSK: गेंदबाजों के बाद चला संजू का जादू कार्तिक के साथ साझेदारी कर CSK को दिलाई जीत जानें तालिका का हाल



चेन्नई सुपर किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गेंदबाजी के बाद बल्ले से भी दमदार प्रदर्शन किया। चेन्नई ने अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की। इस मैच में सैमसन और कार्तिक ने शानदार साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। संजू सैमसन के नाबाद अर्धशतक और कार्तिक शर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए हुई 114 रनों की अविजित साझेदारी के दम पर सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 155 रन बनाए। जवाब में सीएसके ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 159 रन बनाकर जीत दर्ज की।

सीएसके की जीत के हीरो सैमसन रहे जिन्होंने 52 गेंदों पर सात चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 87 रन बनाए। उन्हें कार्तिक शर्मा का अच्छा साथ मिला जो 31 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली के लिए अक्षर पटेल और लुंगी एनगिडी को एक-एक विकेट मिला। सीएसके की शुरुआत इस सीजन अच्छी नहीं रही थी, लेकिन अब उसने लगातार दूसरी और कुल पांचवीं जीत दर्ज कर ली है। सीएसके की टीम 10 मैचों में पांच जीत और पांच हार के साथ 10 अंक लेकर अंक तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स 10 मैचों में चार जीत और छह हार के साथ आठ अंक लेकर तालिका में सातवें नंबर पर मौजूद है। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और उसने जल्द ही दो विकेट गंवा दिए थे। लुंगी एनगिडी ने पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को आउट किया जो छह रन बनाकर आउट हुए। फिर अक्षर पटेल की गेंद पर उर्विल पटेल अपना विकेट गंवा बैठे। उर्विल ने 17 रन बनाए। सीएसके ने 45 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और उसने जल्द ही दो विकेट गंवा दिए थे। लुंगी एनगिडी ने पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को आउट किया जो छह रन बनाकर आउट हुए। फिर अक्षर पटेल की गेंद पर उर्विल पटेल अपना विकेट गंवा बैठे। उर्विल ने 17 रन बनाए। सीएसके ने 45 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। सैमसन ने लगातार बड़े शॉट्स लगाकर दिल्ली के गेंदबाजों पर दबाव बनाया। सैमसन हालांकि



शतक नहीं लगा सके क्योंकि मैच पहले ही फिनिश हो गया। इससे पहले, दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। दिल्ली की शुरुआत हालांकि खराब रही और टीम ने नियमित अंतराल पर विकट गंवाए। पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद पाथुम निसांका ने हुसैन के खिलाफ दो चौके जड़ने के बाद चौथे ओवर में चौधरी की लगातार गेंदों पर चौका और लेग साइड में स्कूप शॉट पर छक्का लगाया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने हालांकि ओवर की आखिरी गेंद पर निसंका को पवेलियन की राह दिखाकर सुपरकिंग्स को पहली सफलता दिलाई। पारी के छठे ओवर में हुसैन के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में केएल राहुल गेंद को हवा में लहरा बैठे और गायकवाड़ ने आसान कैच लपका।

## ICC Team Rankings: भारतीय पुरुष टीम आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार जानें दूसरे नंबर पर कौन?

तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। तीन बार के विश्व कप विजेता भारत ने मंगलवार को आईसीसी टी20 अंतराष्ट्रीय रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।



इस नए अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मुकाबलों को 100 प्रतिशत और पिछले दो वर्षों के मुकाबलों को 50 प्रतिशत वेटेज दिया गया है। यह अपडेट टी20 क्रिकेट में भारत के लगातार बेहतरीन प्रदर्शन को दर्शाता है। भारत ने इस फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है। टीम इंडिया ने साल 2024 और 2026 में लगातार दो बार पुरुष टी20 विश्व कप अपने नाम किया है।

टॉप-7 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जो दिखाता है कि टॉप टीमों के बीच कितनी निरंतरता है। न्यूजीलैंड (247) चौथे स्थान पर बना हुआ है, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका (244) पांचवें स्थान पर है। पाकिस्तान (240) और वेस्टइंडीज (233) क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर बने हुए हैं। प्वाइंट्स टेबल में थोड़ा नीचे देखें तो, बांग्लादेश एक रेटिंग प्वाइंट हास

## विवादों में RR की बिक्री: काल सोमानी ग्रुप ने प्रक्रिया से बाहर करने के लगाए आरोप बोली वापस नहीं लेने का दावा

अमेरिका स्थित काल सोमानी की अगुवाई वाले समूह ने उद्योगपति लक्ष्मी एन मित्तल के नेतृत्व वाले समूह से राजस्थान रॉयल्स के स्वामित्व की बोली हारने पर गहरी निराशा व्यक्त की। सोमानी ग्रुप ने इस बात से इनकार किया कि उसने बोली प्रक्रिया से हाथ खींच लिया था और कहा कि अंतिम परिणाम निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को नहीं दर्शाता है। मित्तल परिवार और अदार पूनावाला के आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) खरीदने के कुछ दिनों बाद, अमेरिका की काल सोमानी ग्रुप ने दावा किया है कि उन्होंने राजस्थान रॉयल्स पर लगाई अपनी बोली वापस नहीं ली, बल्कि उन्हें बिक्री प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। काल सोमानी ग्रुप के इस दावे के बाद



राजस्थान रॉयल्स की बिक्री का करार विवादों में घिर गया है। इस साल मार्च में काल सोमानी ग्रुप राजस्थान रॉयल्स में रिकॉर्ड 1.63 बिलियन अमेरिकी डॉलर में प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए सहमत हुआ था। यह डील आईपीएल 2026 के बाद पूरी होने की उम्मीद थी। रविवार को लक्ष्मी एन. मित्तल और आदित्य मित्तल ने घोषणा की थी

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

